दिनांक 23.09.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

गैंग लगाकर शुरू किया गया नकटा तालाब कुरूद का सफाई अभियान

भिलाईनगर। समाचार पत्रो के माध्यम से जानकार मिली की कुरूद ढॉचा भवन के शिव शक्तिधाम मंदिर के बगल में स्थित कुरूद नकटा तालाब जलकुम्भी से भर गया है। उक्त समाचार का संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा सफाई गैंग लगाकर शीध्रता से तालाब सफाई अभियान हेतु जोन आयुक्त को आदेशित किये। सुपरवाईजर के सर्वे से जानकारी मिली है, कि नकटा तालाब पुरी तरह से जलकुम्भी से भर गया है, जिसकी सफाई निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। जोन 02 वैशाली नगर के आयुक्त येशा लहरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार ढौर तालाब के साथ–साथ कुरूद नकटा तालाब गर्मी के दिनो में सामुहिक श्रमदान से सफाई की योजना बनी थी। उसके लिए तालाब के पानी को सुखना आवश्यक था, जिससे जलकुम्भी एवं दलदल से शैवाल आदि निकाला जा सके। स्थानीय निवासीयो का कहना था, यह हमारे क्षेत्र के लोगो के लिए नकटा तालाब निस्तारी का प्रमुख माध्यम है। इसका पानी मत निकाले, सभी को परेशानी हो जायेगी। गर्मी के दिनो में नहर के माध्यम से उसमे पानी भरने के लिए स्थानीय लोगो ने मांग की थी, मांग के अनुसार तालाब में पानी भरा गया। अभी वर्तमान में सफाई गैंग के माध्यम से जितनी सफाई हो सकती है, उतना अधिकतम किया जायेगा। बरसात का पानी होने से अंदर गहराई तक साफ करने में परेशानी आ रही है। आयुक्त ने नकटा तालाब क्षेत्र को व्यवस्थित ढंग से सफाई करने को कहा है जिससे आने वाली त्योहारी सीजन में स्थानीय निवासियो को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी लोग हर्षोल्लास के साथ अपने तीज त्यौहार को पारंपरिक ढंग से मना सके। साथ में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी सफाई करना है। तालाब में पानी भरा हुआ है, बीच में दलदल एवं लददी है अंदर तक घुसना कठिन हो रहा है।